महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)
नैक द्वारा **'A'** ग्रेड प्रदत्त / **NAAC Accreditation 'A' Grade**

विनोद आर. वैद्य
Vinod R. Vaidya
सहायक कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक (प्रभारी)
Assistant Registrar/Controller of Examination (In-charge)

दूरभाष क्र./Phone No.: 07152-242812

आज़ादी का अमृत महोत्सव

क्रमांक: 04/परी/अ.प. दिसंबर-जनवरी 2024-25/07/3822
दिनांक: 04.11.2024

नियमित/पूरक परीक्षा आवेदन-प्रपत्र भरने संबंधी सूचना

विश्वविद्यालय के नियमित/पूरक कार्यक्रमों स्नातक तृतीय/पंचम/सप्तम सेमेस्टर एवं परास्नातक प्रथम/तृतीय/पंचम सेमेस्टर की अधिसत्र परीक्षाएं **दिनांक 23.12.2024 (सोमवार)** से आरंभ की जायेगी। स्नातक प्रथम सेमेस्टर के कार्यक्रम, विधि विभाग तथा भाषा प्रौद्योगिकी एवं भाषा अभियांत्रिकी विभाग के कार्यक्रमों की अधिसत्र परीक्षाएं **दिनांक 20.01.2025 (सोमवार)** से आयोजित की जायेगी।

नियमित स्नातक तृतीय/पंचम/सप्तम सेमेस्टर एवं परास्नातक प्रथम/तृतीय/पंचम सेमेस्टर कार्यक्रमों की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी/परीक्षार्थी **दिनांक 18.11.2024 से 22.11.2024** तक समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन परीक्षा आवेदन-प्रपत्रों को भरकर संबंधित विभाग/केंद्र में जमा करें। संबंधित विभाग/केंद्र, विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन प्रपत्रों को, उन्हें अधिसत्र परीक्षा में बैठने की संस्तुति के साथ **दिनांक 25.11.2024** तक परीक्षा विभाग को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएंगे।

नियमित स्नातक प्रथम सेमेस्टर के कार्यक्रम, विधि विभाग तथा भाषा प्रौद्योगिकी एवं भाषा अभियांत्रिकी विभाग के कार्यक्रमों की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी/परीक्षार्थी **दिनांक 16.12.2024 से 20.12.2024** तक समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन परीक्षा आवेदन-प्रपत्रों को भरकर संबंधित विभाग/केंद्र में जमा करें। संबंधित विभाग/केंद्र, विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन प्रपत्रों को, उन्हें अधिसत्र परीक्षा में बैठने की संस्तुति के साथ **दिनांक 24.12.2024** तक परीक्षा विभाग को उपलब्ध कराएंगे।

स्नातक/परास्नातक प्रथम/तृतीय/पंचम सेमेस्टर की पूरक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों/परीक्षार्थियों द्वारा नियमित कार्यक्रमों के लिए निर्धारित तिथि के अनुसार परीक्षा आवेदन प्रपत्र ऑनलाइन/ऑफलाइन भरकर निर्धारित परीक्षा शुल्क राशि रु. 200/- (रु. दो सौ प्रति प्रश्न-पत्र) के साथ जमा राशि की रसीद/पावती संलग्न कर पूर्ण रूप से भरे आवेदन प्रपत्र को संबंधित विभाग/केंद्र में जमा करें। संबंधित विभाग/केंद्र उन्हें, अधिसत्र परीक्षा में बैठने की संस्तुति के साथ नियमित कार्यक्रमों के लिए निर्धारित तिथि के अनुसार परीक्षा विभाग को उपलब्ध कराएंगे।

(विनोद आर. वैद्य)

प्रति (ई-मेल के माध्यम से),

1. समस्त अधिष्ठाता कार्यालय
2. समस्त विभागाध्यक्ष/केंद्राध्यक्ष/निदेशक/अकादमिक निदेशक/केंद्र प्रभारी
3. प्रभारी लीला, विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।
4. संबंधित पत्रावली